उत्तर प्रदेश राज्य लखनऊ

लॉफिड्रूसी संस्था एवं एसएमएस ने क्रिसमस पर गरीबों में बांटे भोजन एवं कम्बल

DN VERMA
December 26, 2024 31 1 minute read

लखनऊ : लॉफिड्रूसी संस्था ने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज एसएमएस, लखनऊ के सहयोग से गरीबों में भोजन, खिलौने कम्बल एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया। जाड़े की ठिठुरन को ध्यान में रखते हुए

लॉफिडूसी संस्था ने किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज के करीब सड़क के किनारे सर्दी से पीडित गरीबों के मध्य कम्बलों एवं भोजन का वितरण किया। इसी क्रम में क्रिसमस के उपलक्ष्य में गरीब बच्चों हेतु उपहार, खिलौने एवं ऊनी वस्त्रों का वितरण भी चौक चौराहे एवं इसके आसपास के क्षेत्र में किया। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 1600 गरीब लोग लाभान्वित हुए। सभी लाभान्वितों ने लॉफिडूसी संस्था का धन्यवाद ज्ञापित किया।

संस्था के अध्यक्ष यश सेंगर ने बताया कि संस्था सतत् गरीबों के हित में   इस प्रकार के कार्यक्रम करती रहती है। आने वाले समय में इस प्रकार के कार्यक्रम पूर्व में ही सुनियोजित हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था न केवल मानव हित अपितु पशुहित में भी कार्य कर रही है। लॉफिडूसी संस्था के अन्य वालेन्टियर्स अर्जुन प्रताप सिंह , अमय झा , विशेष गिहानी एवं आकृति यादव ने उपरोक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एसएमएस लखनऊ ने लॉफिडूसी संस्था के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ-साथ उपरोक्त कार्यक्रम की सफलता हेतु बधाईयां दी। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे पवित्र कार्यक्रमों हेतु सहयोग प्रदान करने की सहमति दी।

---

https://dastaktimes.org/lawfidusi-organization-and-sms-distributed-food-and-blankets-among-the-poor-on-christmas/